08/11/2024

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश पुलिस आज अपना बावनवां स्थापना दिवस मना रही है। इस अवसर पर आई जी पार्क, ईटानगर में आयोजित अरुणाचल प्रदेश पुलिस स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने पुलिस कर्मियों को बधाई देते हुए विभिन्न चुनौतियों से निपटने और प्रदेश के लोगों को सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय योगदान का अह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पुलिस के अधिकारियों और जवानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बंद कल्चर को समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस कर्मियों से शांतिपूर्ण और खुशहाल अरुणाचल विजन को साकार करने के लिए एकजूट होकर कार्य करने का आह्वान किया। श्री खाण्डू ने कहा कि राज्य में सात महिला पुलिस स्टेशन पहले से ही कार्यरत हैं और कई और भी खोले जाने की योजना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य पुलिस को मजबूत करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के तहत दो हजार नौ सौ तिरानबे पदों का सृजन किया गया और भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग ने करीब तीन हजार पद रिक्त है, जिन्हें समय पर भरा जायेगा।

उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में विभाग को एक हजार छ्ह सौ अठहत्तर वाहन उपलब्ध कराए गए हैं, साथ ही व्यापक आत्मसमर्पण नीति को भी लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी पुलिस स्टेशनों में सीसीटीवी भी लगाए हैं। मुख्यमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश पुलिस विभाग को राज्य बजट में आवंटित धनराशि से अतिरिक्त सौ करोड़ रुपए के आवंटन की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस रिफॉर्म्स और मॉडर्नाईजेशन के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग की प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। इस

अवसर पर गृह मंत्री मामा नातुंग, विधायक मुचु मिथि, राज्य के पुलिस महानिदेशक आनंद मोहन और कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के गृह मंत्री मामा नातुंग ने गुरुवार को  चिंपु  पुलिस स्टेशन  और  महिला पुलिस स्टेशन ईटानगर में ट्रॉमा विक्टिम्स के लिए एक हिलिंग सेंटर आने होम का उद्घाटन किया। 'आने होम' आघात पीड़ितों के लिए एक उपचार केंद्र है जो भारत में अपनी तरह का पहला केंद्र है। इस केंद्र के माध्यम से यौन शोषण, घरेलू हिंसा और अन्य दर्दनाक घटनाओं के पीड़ितों को आश्रय, सुरक्षा और न्याय प्रदान करेगा। ईटानगर पुलिस ने अरुणाचल प्रदेश पुलिस की व्यापक नशा विरोधी पहल 'ऑपरेशन डॉन' का आधिकारिक थीम गीत 'रोशनी' का भी शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक रोहित राजवीर सिंह ने संवाददाताओं से बातचीत में आने होम के बारे में जानकारी दी।

000000000000000000

केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने आज गुवाहाटी में आठ दिवसीय "पूर्वोत्तर आदि महोत्सव" का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री ओराम ने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय जनजातीय समुदाय के त्वरित विकास के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि मंत्रालय का पुनर्गठन किया गया है और आदिवासियों के कल्याण के लिए बजटीय आवंटन बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि इस साल आदिवासियों के उत्थान के लिए तीन करोड पचास लाख रुपये खर्च किए जाएंगे और आदिवासी बहुल इलाकों में 25 हजार किलोमीटर सड़कें विकसित की जाएंगी। पूर्वोत्तर आदि महोत्सव आदिवासी शिल्प, चिकित्सा, संस्कृति और व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक महोत्सव है। इसका आयोजन जनजातीय कार्य

मंत्रालय और ट्राइफेड द्वारा किया गया है। यह महोत्सव 15 नवंबर 2024 को समाप्त होगा। महोत्सव में आदिवासी कला, शिल्प और व्यंजनों का प्रदर्शन और बिक्री होगी, जिसमें 13 राज्यों के शिल्पकार, रसोइये और कलाकार अपनी समृद्ध पारंपरिक संस्कृति को प्रदर्शित करेंगे।

0000000000000000000000000

स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाघे ने आज लोअर सुबनसिरी जिले के जीरो में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर नेशनल कॉनक्लेव में हिस्सा लिया। इस अवसर पर नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के सीईओ एल. एस. चांगसान और स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक के दौरान राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ए.बी.डी.एम सिस्टम से लैस डिजिटल हेल्थ मिशन सोल्युशन, हंड्रेड मॉडल फेसिलिटी, स्केन एंड शेयर सिस्टम, यूनिफाईड हेल्थ इंटरफेस, नेशनल हेल्थ क्लेम्स एक्सचेंज और स्केन एंड पे सुविधा पर चर्चा हुई।

0000000000000

ईस्ट सियांग जिले के पासीघाट में आदी यूथ फेस्ट का उद्घाटन अरुणाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओजिंग तासिंग ने किया। इस अवसर पर विधायक निनोंग इरिंग, ओनि पानियांग, ओकेन तायेंग, तापि दारांग, जिला उपायुक्त तायि ताग्गु सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। अपने संबोधन में ओजिंग तासिंग ने युवाओं से सरकार की योजनाओं लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने और नशे की लत से दूर रहने की अपील की।

0000000000000000

चार दिवसीय छठ पूजा समारोह आज सुबह देश के विभिन्न हिस्सों में उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। बिहार में लाखों श्रद्धालुओं ने विभिन्न नदियों के तटों पर सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य दिया।

अरुणाचल प्रदेश में भी आज सुबह श्रद्धालुओं ने नदियों, झीलों और अन्य जलाशयों के किनारे छठ पूजा मनाई और उगते हुए सूरज को अर्घ्य दिया।

0000000000000000

भारतीय रेल छठ पूजा के बाद यात्रियों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से 500 से अधिक विशेष रेलगाडियां चला रहा है। रेलवे बोर्ड ने बताया कि आज से लौटने वाले यात्रियों के लिए समस्तीपुर, दानापुर और अन्य रेल मंडलों से अतिरिक्त रेलगाडियां चलाई जा रही हैं। यात्रियों की भारी संख्या को देखते हुए रेलवे आज 164 विशेष गाडियां चला रहा है। जबकि कल 160, 10 नवंबर को 161 और 11 नवंबर को 155 विशेष गाडियां संचालित की जाएंगी।

0000000000000000000

पापुम पारे जिले के दोईमुख में ऑल अरुणाचल प्रदेश बिल्डिंग़ एंड अदर्स कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड द्वारा ऑल अरुणाचल प्रदेश वर्कर्स यूनियन के सहयोग से जागरुकता शिविर लगाया गया। कामगारों के लिए लगाए गए जागरुकता शिविर में उनके स्वास्थ्य की जाँच की गई और उन्हें बोर्ड की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्रमिकों को अरुणाचल प्रदेश कामगार बोर्ड की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराने की भी अपील की गई।